आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 19.10.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पौड़ी जिले के यमकेश्वर में आयोजित 'प्रथम धन्वंतरि महोत्सव' में वर्चुअली प्रतिभाग किया। कहा– 'हर्बल वर्ल्ड हिमालय श्री धन्वंतरि धाम' आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा का पूरे विश्व में एकमात्र समग्र केंद्र है।
- इस वर्ष की आदि कैलाश यात्रा ने पिछले वर्षों का रिकार्ड तोड़ा, 31 हजार 5 सौ 98 यात्रियों ने दर्शन किए।
- उधमसिंहनगर जिले में दो वाहनों की टक्कर में चार लोगों की मृत्यु, तीन गंभीर घायल।
- और..प्रकाश पर्व के त्यौहार दीपावली पर बदरीनाथ व केदारनाथ धाम में भव्य दीपोत्सव मनाया जायेगा।

'प्रथम धन्वंतरि महोत्सव'

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज पौड़ी जिले के माला ग्राम, यमकेश्वर में आयोजित 'प्रथम धन्वंतरि महोत्सव' में वर्चुअल रूप से प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी को महोत्सव' की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुर्वेद के समग्र दृष्टिकोण के कारण आज इसकी स्वीकार्यता लगातार बढ़ती जा रही है। आयुर्वेद हमें शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक तीनों रूप से स्वस्थ बनाता है। श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में आयुर्वेद के प्रचार–प्रसार के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री

इस बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से आज देहरादून स्थित मुख्यमंत्री आवास में मंत्रियों, विधायकों, भारतीय प्रशासनिक सेवा, पुलिस व वानिकी सेवाओं के अधिकारियों और प्रदेशभर से आए लोगों ने भेंट कर दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व अंधकार पर प्रकाश और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें समाज में प्रकाश, पवित्रता और सकारात्मक ऊर्जा फैलाने का संदेश देता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि दीपावली का पर्व प्रदेशवासियों के जीवन में नई उम्मीद, समृद्धि और खुशहाली लेकर आएगी। उन्होंने प्रदेशवासियों से पर्व को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और आपसी सद्भाव के साथ मनाने का आहवान किया।

आदि कैलाश

आदि कैलाश की इस वर्ष यात्रा ने पिछले वर्षों का रिकार्ड तोड़ा है। इस साल 31 हजार 5 सौ 98 यात्रियों ने आदि कैलाश और ओम पर्वत के दर्शन किए। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि देवभूमि उत्तराखंड में अध्यात्मिक सुख और शांति की तलाश में श्रद्धालुओं के कदम तेजी से बढ़ रहे हैं। आदि कैलाश यात्रा को और अधिक व्यवस्थित किया जाएगा ताकि यात्रियों को यात्रा मार्ग पर सभी सुविधाएं उपलब्ध हों। पेश है एक रिपोर्ट

व्यो–

~~*गौरतलब है कि पिथौरागढ़ जिले में स्थित आदि कैलाश को छोटा कैलाश, शिव कैलाश, बाबा कैलाश व ज्योलिंगकांग चोटी के नाम से जाना जाता है। हिमालय का यह हिस्सा हिन्दू शास्त्रों में अत्यंत पवित्र माना जाता है। मान्यता है कि जिसने आदि कैलाश के दर्शन कर लिए उसने साक्षात शिव का सानिध्य प्राप्त कर लिया। पंच कैलाश में आदि कैलाश दूसरे स्थान पर है। बता दें कि पंच कैलाश में प्रथम कैलाश (तिब्बत), द्वितीय आदि कैलाश, तृतीय श्रीखंड या शिखर कैलाश, चतुर्थ किन्नौर कैलाश और पंचम कैलाश मणि महेश कैलाश है। वहीं ओम पर्वत के दर्शन शिव के ओंकार रूप के में माने जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि जन्मातंर के पुण्यों का उदय ही है कि ऊं पर्वत के दर्शन हो रहे हैं, ऊं शब्द को साक्षात समक्ष देखकर तो कई श्रद्धालुओं की आस्था आंखों से से झलक उठती है। हिमालय की 6 हजार 1 एक सौ 91 मीटर की ऊंचाई पर स्थित ओम पर्वत अद्भूत रचना है। यहां स्वयं ब्रहम, विष्णु और महेश की शक्ति एक पर्वत पर नजर आती है।*~~

हादसा

उद्यमसिंहनगर जिले के नानकमत्ता में दो वाहनों की आपसी भिड़ंत में उत्तर प्रदेश के संभल जिले के चार लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि तीन घायल हो गए। सूचना पर पहुंची नानकमत्ता पुलिस ने आपातकालीन सेवा के माध्यम से सभी को उप जिला अस्पताल खटीमा पहुंचाया। जहां से गंभीर घायलों को हल्द्वानी हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

दीपोत्सव

रौशनी का त्यौहार दीपावली के अवसर पर बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में भव्य दीपोत्सव मनाया जायेगा। दीपोत्सव कार्यक्रम के लिए मंदिरों को भव्य रूप से फूलों से सजाया जा रहा है। श्री बदरीनाथ –केदारनाथ मंदिर समिति–बीकेटीसी के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि दीपोत्सव कल से 23 अक्टूबर तक आयोजित होगा। श्री बदरीनाथ धाम में श्री डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत मेहता, भंडारी कमदी हक हकूकधारियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित करेगी जबकि श्री केदारनाथ धाम में तीर्थ पुरोहितों के साथ समन्वय कर दीपोत्सव का आयोजन होगा। इस बीच धामों में सुरक्षा की विशेष व्यवस्था के निर्देश दिए गए है।

साथ ही केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने की तैयारी के लिए मंदिर को 12 क्विंटल फूलों से सजाया जा रहा है।

निर्देश

प्रदेश में दीपावाली पर्व सुरक्षित और शांतिपूर्वक तरीके के संपन्न कराने के लिए शासन और प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है। पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने दीपावली पर्व के दृष्टिगत जिले के सभी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नागरिकों की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम, विद्युत एवं जल आपूर्ति की निरंतरता, स्वास्थ्य सेवाओं की तत्परता और आपदा नियंत्रण व्यवस्था को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने को कहा। उन्होंने सभी अस्पतालों, प्राथमिक व  सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 24 घंटे आपातकालीन ड्यूटी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि 108 एम्बुलेंस सेवा पूर्ण रूप से क्रियाशील रहे। जबकि बर्न यूनिट्स वाले अस्पतालों में विशेष सतर्कता रखने पर बल दिया। साथ ही अग्निशमन विभाग को सभी फायर स्टेशन को हाई अलर्ट पर रहने की हिदायत दी। विद्युत विभाग को फीडरों की मॉनिटरिंग करने और ट्रांसफार्मर, खंभे व खुले तारों की तकनीकी जांच करने को कहा। शॉर्ट सर्किट जैसी स्थिति में आपातकालीन मरम्मत दल को 24 घंटे तत्पर रहने के निर्देश दिए। जल संस्थान व जल निगम को सभी पंप हाउस, वाल्व व पाइपलाइन की जांच करने और निरंतर जल आपूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जबकि पुलिस विभाग को मुख्य बाजारों, मंदिरों व भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने और यातायात व्यवस्था नियंत्रित, पार्किंग के लिए पृथक क्षेत्र चिन्हित करने को कहा। इसके अलावा जिला आपदा नियंत्रण कक्ष को 24 घंटे सक्रिय रखने रहने के साथ ही एसडीआरएफ व पुलिस कंट्रोल रूम के साथ आपसी समन्वय स्थापित करने को कहा।

समापन

एसडीआरएफ वाहिनी में आयोजित प्रथम बैच के "युवा आपदा मित्र का प्रशिक्षण संपन्न हो गया। आज आयोजित कार्यक्रम में सेनानायक अर्पण यदुवंशी ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 34 स्वयंसेवकों को प्रमाणपत्र वितरित किए। इस दौरान सेनानायक ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि "आपदा मित्र" के रूप में ये युवा भविष्य में राज्य की आपदा तैयारियों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण केवल ज्ञान प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं में सेवा भावना, अनुशासन, नेतृत्व और उत्तरदायित्व की भावना को भी प्रोत्साहित करता है।

उल्लेखनीय है कि एसडीआरएफ की ओर से आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में संचालित किया गया।

अवैध चरस

उत्तरकाशी जिले की मनेरी कोतवाली पुलिस ने एक युवक को अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी ने सभी कोतवाली, थाना प्रभारी SOG टीम को नशा मुक्त अभियान व दीपावली पर्व के दृष्टिगत संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार निगरानी व बैरियर और चेक पोस्ट पर सघन चैकिंग करने के निर्देश दिए हुए हैं।

दीक्षांत समारोह

कुमाऊँ विश्वविद्यालय का अगला दीक्षांत समारोह आगामी 4 नवम्बर को प्रस्तावित है। इस अवसर पर पदक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों की वरीयता सूची विश्वविद्यालय ने अपनी वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। कुलसचिव मंगल सिंह मंद्रवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी परिसरों, महाविद्यालयों और संस्थानों के वर्ष 2025 में स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर पर सर्वोच्च अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को समारोह में पदक प्रदान किये जाएंगे। विद्यार्थियों से अपेक्षा की है कि वे सूची में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर प्रमाण सहित 23 अक्टूबर तक विश्वविद्यालय को ईमेल के माध्यम से अपना प्रत्यावेदन भेज सकते हैं।